## खबर संक्षेप

### खेतों में आग लगने से 8 एकड़ के फाने जले

**राजौंद।** राजौंद के फरियाबाद रोड पर खेतों में आग लगने से 8 एकड़ के फाने जलकर राख हो गए। ट्रैक्टर ट्राली में बाल बाल बच गए। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी को बुलाया गया जिससे बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।जानकारी के अनुसार राजौंद निवासी नुका राम किसान ने बताया कि वह अपने खेत में रेपर से तूडी बना रहा था कि अचानक चिंगारी से आग लग गई। उसने बताया कि आग ट्राली में भी लग गई जिससे वह ट्रैक्टर ट्राली लेकर बाहर निकल गया इसमें ट्रैक्टर जलने से बाल बाल बच गया। 8 एकड़ के फाने भी जलकर राख हो गए।

### अंबालाः पिकअप ने मारी टक्कर 11 लोग जख्मी

**अंबाला।** हंडेसरा के साथ लगते बूढ़ाखेड़ा गांव में देर रात एक तेज रफ्तार पिकअप ने टाटा मैजिक को टक्कर मार दी। टाटा मैजिक में एक परिवार सवार था। इस हादसे में 8 बच्चों सहित 11 लोग चोटिल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अंबाला छावनी व सिटी नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में घायलों में से टाटा मैजिक चालक, महिला व तीन बच्चों को चंडीगढ़ पीजीआई रेफर कर दिया। हालांकि परिजन गंभीर रूप से घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अंबाला शहर के एमएम सद्दोपुर में ले गए।

### रुपये मांगने पर शराब ठेके पर तैनात कर्मी को पीटा

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में स्थित शराब ठेके से शराब लेकर उसकी कीमत न देने पर कर्मचारी को टोकना महंगा पड़ा गया। शराब लेने आए युवकों ने मारपीट करना शुरू कर दिया। घायल को उपचार दिया गया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव मुरथल निवासी सिकंदर ने बताया कि वह कुंडली वाइन शॉप ठेका पर काम करता है।

### दो-तीन दिन में रात का तापमान 24 डिग्री तक पहुंचने की संभावना

# धूल भरी हवाएं चलने से तापमान में हुई बढ़ोतरी, 30 के बाद बदलेगा मौसम

- बाजार व सड़कों पर सन्नाटा खेतों में भी इक्का-दुक्का दिखाई दे रहे हैं मजदूर



फतेहाबाद। बढ़ती गर्मी के चलते सुनसान पड़े हाइवे से गुजरता स्कूटी सवार व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मई मास शुरू होने में दो दिन शेष है लेकिन मौसम ने अभी से अपने उग्र तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। पश्चिमी हवाएं चलने से पारा दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। तापमान में बढ़ोतरी के साथ गर्म धूल भरी हवाएं चलने से यहां का तापमान 42 डिग्री को पार कर गया है। सोमवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान 42.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम तापमान में भी खासी बढ़ोतरी दर्ज की गई। न्यूनतम तापमान 22 डिग्री के आसपास रहा। न्यूनतम तापमान के बढ़ने से रातें भी गर्म हो गई हैं। मौसम विभाग का कहना है कि 30 अप्रैल के पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में मौसम में बदलाव होगा। हालात यह है कि दोपहर के समय बाजार व सड़के बिलकुल खाली नजर आती हैं। अब खेतों में भी इक्का-दुक्का मजदूर दिखाई दे रहे हैं। इसके विपरीत मण्डियों में लेबर तेज धूप में काम करने को मजबूर हैं। खेत खाली हैं। अभी न तो नहरों में पानी है और न ही खेतों में पानी लगाने का समय। ऐसे में किसान भी अपने घरों में दुबके हुए हैं। अप्रैल मास के अंतिम सप्ताह का पहला दिन लू के थपेड़े लेकर आया। दिनभर तपिश महसूस होती रही। बीती रात न्यूनतम तापमान 3 से 4 डिग्री तक बढ़ गया। हालांकि शाम के समय राजस्थान से आई धूल भरी हवाओं ने एक बारगी तपन को कम कर दिया था, लेकिन सोमवार को चिलचिलाती धूप से मौसम का मिजाज फिर से गर्म हो गया। अगले दो-तीन दिन में रात का तापमान 24 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एमएल खिचड़ के अनुसार 28 व 29 अप्रैल को पश्चिमी हवाएं चलने से मौसम गर्म रहेगा। तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इस दौरान गर्म धूल भरी हवाएं चलेंगी। हीट वेव के साथ ही 30 अप्रैल को पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होगा, जिसके बाद मौसम में कुछ बदलाव आएगा।

#### 30 तक खुश्क व गर्म रहगे मौसम

हरियाणा राज्य में मौसम आमतौर पर 30 अप्रैल तक खुश्क व गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान उत्तरपश्चिमी व पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना से विशेषकर दिन के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है परंतु 1 मई से हवा में बदलाव व पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव से राज्य में 1 मई रात्रि से 3 मई के दौरान आंशिक बादल, धूलभरी हवाएं चलने तथा कहीं कहीं बूंदाबांदी व हल्की बारिश भी संभावित जिससे दिन के तापमान में गिरावट संभावित। परंतु इसके बाद 4 मई को एक और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना से मौसम में लगातार बदलाव की संभावना है।
**-डॉ मदन खीचड़,** विभागाध्यक्ष, कृषि मौसम विज्ञान विभाग, चौधरी चरणसिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार

### सीएम के सिरसा में हुए कार्यक्रम में धक्का-मुक्की

# भाजपा नेता से बदसलूकी मामले में डीएसपी ने की क्षमा याचना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

मुख्यमंत्री के सिरसा में हुए कार्यक्रम के दौरान पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल के बेटे एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष सिंगला के साथ हुए बदसलूकी मामले में सोमवार को डीएसपी जींद जितेंद्र राणा ने क्षमा याचना मांगी ली। उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में पुलिस प्रशासन के खिलाफ रोष था। काबिलेजिक्र है कि बीते रविवार को सीएम नायब सिंह सैनी साइक्लोथॉन यात्रा में सिरसा पहुंचे थे। सीएम के आने से पूर्व कार्यक्रम स्थल पर वरिष्ठ भाजपा नेता मनीष सिंगला पहुंचे। ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने उन्हें मंच पर नहीं जाने दिया और दुर्व्यवहार करते हुए कार्यक्रम स्थल से बाहर जाने को कहा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं में रोष पनप गया। कार्यकर्ताओं ने बदसलूकी करने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग की। बताया जा रहा है कि मामला सीएम व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष तक पहुंचा, जिसके बाद सोमवार को डीएसपी जितेंद्र राणा ने मनीष सिंगला से क्षमा याचना व्यक्त की। डीएसपी जींद जितेंद्र राणा साइक्लोथॉन यात्रा में कानून व्यवस्था की ड्यूटी के दौरान स्टेज के पास मौजूद थे। इस दौरान मनीष सिंगला कार्यक्रम स्थल पर आए थे और साइकिल ट्रैक के नजदीक मौजूद थे। वे मनीष सिंगला को पहचान नहीं पाए।

# गैस सिलेंडर में ब्लास्ट एक की मौत, मासूम घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गुरुग्राम के खेड़कीदौला थाना क्षेत्र के शिकोहपुर गांव में सोमवार की सुबह एक गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई। इस घटना में एक व्यक्ति की आग में झुलसने से मौत हो गई जबकि इस घटना की चपेट में मासूम झुलस गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही खेडक़ीदौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक, रेवाड़ी के कुंभावास का रहने वाला सुशील अपने परिवार के साथ शिकोहपुर में शिब्बू के मकान में किराए पर रहता था। वह रात को अपने परिवार के साथ सो गया था। सुबह करीब 5 बजे वह उठा और अपने बच्चों को भी उठाया। उसे कमरे में गैस की महक आई तो उसने बच्चों को कमरे से बाहर भेजा। जांचने के लिए जैसे ही उसने लाइट जलाई वैसे ही कमरे में जोरदार धमाका हुआ और आग लग गई। इस घटना में सुशील बुरी तरह से झुलस गया जिसकी मौत हो गई।

### खरखौदा में 24 नवंबर 2023 को केस दर्ज हुआ था

# किशोरी से दुष्कर्म करने वाले को 20 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

खरखौदा थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म करने के आरोपित को अदालत ने दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र की अदालत ने नाबालिग आरोपित को 20 साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपित पर 52 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि अदा न करने पर दोषी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। अदालत ने जुर्माना राशि से 40 हजार रुपये पीड़िता को देने के आदेश दिए है। वहीं तीसरे नाबालिग साथी की सुनवाई अदालत में चल रही है। लड़की ने 24 नवंबर 2023 को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि वह नौवीं कक्षा में पढ़ती है। ताऊ के फल की दुकान पर भी काम करती है। उसी दौरान उसकी पहचान कशिश व दो अन्य नाबालिग लड़कों के साथ हुई। अप्रैल-मई में वह एक दिन वह अपने घर से पास में ही नल पर पानी भरने के लिए गई थी। जहां उसके पास कशिश का नाबालिग दोस्त आया। उसे बहला-फुसलाकर गांव के पार्क में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया। उसे बहला कर प्लाट में ले गया। जहां उसके साथ गलत काम किया।

### केशर देवी को मिला अपनी चार पीढ़ियां देखने का सौभाग्य

# हिसार में पांच पीढ़ियों का एक साथ मिलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



**हिसार।** अपनी चार पीढ़ियों के साथ केशर देवी। फोटो : हरिभूमि

इंसान अपने जीवन में अपनी ज्यादा से ज्यादा पीढ़ी देखने का मोह रखता है। केशर देवी जो गंगवा गांव से हैं को यह सौभाग्य मिला जब वो अपनी बेटी, दोहती, पड़ दोहती और षड् दोहती से अपने निवास स्थान पर एक साथ इकट्ठा पांचों पीढ़ी से मिलीं। दरअसल केशर देवी की षड् दोहती जिया जलंधरा गत 1 जनवरी को कनाडा में रात्रि 12 बजकर 19 मिनट पर बजे पैदा हुई। उसे कनाडा के वाटरलू क्षेत्र की 2025 की पहली बेबी होने का गौरव भी हासिल है। जिया हाल ही में अपने माता-पिता जो कनाडा में रहते हैं के साथ भारत आई हैं। रविवार को जिया को अपने नौनिहाल पक्ष की पांचों पीढ़ी के साथ गोद में खेलने का सौभाग्य मिला जब वह अपनी माता अनुप्रिया के साथ अपनी नानी रोशनी देवी, पड़ नानी सुब्हानी देवी और षड् नानी केशर देवी के घर आईं। जिया पवन सिंह की बेटी तथा सलोचना देवी व कर्नल हरी सिंह की पौत्री है जो सेक्टर 9/11 के निवासी है। उन्होंने इसे बड़ा सौभाग्य बताया।




